यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिये भी एक गौरव की बात होगी ।

३ आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का प्रकाशन

इसके अंतर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं —

१ कळायण, ऋतु काव्य । ले. श्री नानूराम संस्कर्ता ।
२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास । ले. श्री श्रीलाल जोशी ।
३ बरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह । ले. श्री मुरलीधर व्यास ।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कवितायें, कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं ।

४ 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है । गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है । बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन संभव नहीं हो सका है । इसका भाग ५ अंक ३-४ 'डा. लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है । यह अंक एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है । पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है । इसका अंक १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ का सचित्र और वृहत् विशेषांक है । अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है ।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के संबंध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८ पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं । भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं । शोधकर्ताओं के लिये 'राजस्थान-भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध-पत्रिका है । इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा. दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचंद नाहटा की वृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है ।

५. राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान, सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप में मुद्रित करवा कर उचित मूल्य में वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यों की ओर से निरंतर होता रहा है जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६ पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश में लाये गये हैं और उनमें से लघुतम संस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७ राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखां) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अंक में प्रकाशित हुई है। उसका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक 'काव्य क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन संस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान-भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९. मारवाड़ क्षेत्र के ५ लोकगीतों का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैकड़ों लोकगीत घूमर के लोकगीत बाल लोकगीत लोरियां और लगभग ७ लोक कथायें संग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत पाबूजी के पवाड़े और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किए गए हैं।

१० बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखों का विशाल संग्रह 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक बृहद् पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है।

११ जसवंत उद्योत मुहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२ जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचंद भंडारी की ४ रचनाओं का अनुसंधान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के संबंध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान-भारती' में लेख प्रकाशित हुआ है।

१३ जैसलमेर के अप्रकाशित १ शिलालेखों और भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४ बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसंधान किया गया और ज्ञानसार ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५ इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा. लुइजि पिओ तैस्सितोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध लेख कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियों तथा भाषणमालाओं आदि का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता रहा है।

१६ बाहर से ख्यातिप्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा. वासुदेवशरण अग्रवाल, डा. कैलाशनाथ काटजू, राय श्री कृष्णदास, डा. जी. रामचन्द्रन्, डा. सत्यप्रकाश, डा. डब्लू. एलेन, डा. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा. तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम ए विशारद और पं श्रीलालजी मिश्र एम ए हूंडलोद, थे ।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवन-काल में संस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है । आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह संभव नहीं हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती फिर भी यदा कदा लड़खड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्ताओं ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे । यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नहीं है न अच्छा संदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्य को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं; परन्तु साधनों के अभाव में भी संस्था के कार्यकर्ताओं ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चय ही बढ़ा सकने वाली होगी ।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है । अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है । प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वानों और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हें सुगमता से प्राप्य कराना संस्था का लक्ष्य रहा है । हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढ़ता के साथ अग्रसर हो रहे हैं ।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तकों के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना संभव नहीं हो सका । हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अंतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये रु १५) इस मद में राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल रु ३०) तीस हजार की सहायता राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशन

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है, जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ११ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१	राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२	राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा. शिवस्वरूप शर्मा अचल
३	अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४	हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५	*पदमिनी चरित्र चौपई*—	"
६	दलपत विलास—	श्री रावत सारस्वत
७	डिंगल गीत—	" "
८	पंवार वंश दर्पण—	डा. दशरथ शर्मा
९	पृथ्वीराज राठोड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बदरीप्रसाद साकरिया
१०	हरिरस—	श्री बदरीप्रसाद साकरिया
११	पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१२	महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३	सीताराम चौपई—	श्री अगरचंद नाहटा
१४	जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचंद नाहटा और डा. हरिवल्लभ भायाणी
१५	सदयवत्स वीर प्रबंध—	प्रो. मंजुलाल मजूमदार
१६	जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७	विनयचंद कृतिकुसुमांजलि—	" "
१८	कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१९	राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२०	वीर रस रा दूहा—	" "
२१	राजस्थान के नीति दोहे—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२	राजस्थानी व्रत कथाएं—	" "
२३	राजस्थानी प्रेम कथाएं—	"
२४	चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५. मढुली— श्री अगरचंद नाहटा और म॰ विनय सागर

२६ जिनहर्ष ग्रंथावली — श्री अगरचंद नाहटा

२७ राजस्थानी हस्त लिखित ग्रंथों का विवरण ,, ,,

२८ दम्पति विनोद ,

२९ हीयाली—राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य

३० समयसुन्दर रासत्रय — श्री भंवरलाल नाहटा

३१ दुरसा आढा ग्रंथावली — श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा. डा. दशरथ शर्मा) ईसरदास ग्रंथावली (संपा. बदरीप्रसाद साकरिया) रामरासो (प्रो. गोवर्द्धन शर्मा) राजस्थानी जैन साहित्य (ले. श्री अगरचंद नाहटा) नागदमण (संपा. बदरीप्रसाद साकरिया) मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथों का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नहीं हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य मे रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त संपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथों का प्रकाशन संभव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षा विकास सचिवालय के आभारी हैं जिन्होंने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन एड की रकम मंजूर की।

राजस्थान के मुख्य मंत्री माननीय मोहनलालजी सुखाड़िया, जो सौभाग्य से शिक्षा मंत्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने में पूरा-पूरा योगदान रहा है। अतः हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं जिन्होंने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया जिससे हम इस बृहद् कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

थनको राजिमती रहनेमि सज्झाय को सन् १९०६ता १३ जन में आगरा से प्रकाशित होनेवाले श्वेताम्बर जन वष ४ अंक २६ में प्रकाशित किया गया उसके बाद खरतर गच्छ के वृहद् ज्ञान भण्डार का अवलोकन करते हुए महिमाभक्ति भण्डार के बं० नं १७ में विनयचन्द्रजी की चौबीसी बीसी, सज्झायादि की ३१ पत्रों की संग्रहप्रति प्राप्त हुई और जैन गुर्जर कविओ दूसरा भाग सन् १९३१ में प्रकाशित हुआ उसमें आपके रचित उत्तम कुमार चरित्ररास ध्यानामृतरास मयणरेहा रास ११ अंग सज्झाय शत्रुंजय तीर्थयात्रा स्तवन का उल्लेख प्रकाशित हुआ था। हमने आपकी प्राप्त समस्त रचनाओं की सूची देते हुए कविवर विनयचन्द्र नामक लेख प्रकाशित किया जिसमें नेमिराजुल बारहमासा भी दिया था। कवि की रचनाओं की संग्रह प्रति से तभी हमने प्रेस कापी तैयार कर रख दी थी जिसे प्रकाशित करने का सुयोग अब प्राप्त हुआ है।

गुरु परम्परा—

खरतरगच्छ की सुविहित परम्परा में सुगल सम्राट अकबर प्रतिबोधक युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरि प्रसिद्ध और प्रभावक आचार्य हुए हैं। उनके प्रथम शिष्य सकलचन्द्र गणि के शिष्य अष्टलक्षी कर्ता महोपाध्याय समयसुन्दरजी की विशद् परम्परा में कविवर विनयचन्द्र हुए हैं। कविवर स्वयं उत्तमकुमार चरित्र चौपई में अपनी गुरु परम्परा का परिचय देते हुए लिखते हैं कि महोपाध्याय समयसुन्दरजी भारी प्रकाण्ड विद्वान थे जैसे—

ज्ञानपयोधि प्रबोधवा रे, अभिनव ससिहर प्राय, सु०
कुमुदचन्द्र उपमा वहे रे समयसुन्दर कविराय, ८ सु०
तत्पर शास्त्र समर्थिवा रे, सार अनेक विचार, सु०
मति कर्णिकिका कमलनी रे, उल्लासन दिनकार; ६ सु०

इनके शिष्य विद्यानिधि वाचक मेघविजय हुए। जिनके शिष्य हर्षकुशल भी अच्छे विद्वान थे जिन्होंने विहरमान बीसी का रचना करने के अतिरिक्त महोपाध्याय समयसुन्दरजी को मन्थरचना में भी सहाय्य किया था। इनके शिष्य व० हर्षनिधान हुए जिनकी चरणपादुकाएं सं० १७३७ मिति आषाढ़ सुदि ८ के दिन शिष्य वा० हर्षसागर द्वारा प्रतिष्ठित बीकानेर रेल दादाजी में विराजमान हैं। हर्षनिधानजी के लिए कविवर ने लिखा है कि ये अध्यात्म-योगी थे, यत:—

"परम अध्यातम धारवा रे श्री यागेन्द्र समान।

इनके तीन शिष्य थे प्रथम वा० हर्षसागर द्वारा सं० १७२६ का क ६ को लिखित पुण्यसार चतुष्पदी (सेठिया लाइब्रेरी बीकानेर) प्राप्त है। इनकी चरणपादुकाएँ भी सं० १७ ४ बै सु० ८ सोम के दिन प्रतिष्ठित बीकानेर के रेल दादाजी में हैं। इनके नयणसी व प्रतापसी नामक दो शिष्य थे। हर्षनिधानजी के द्वितीय शिष्य ज्ञानतिलक व तीसरे पुण्यतिलक थे ये तीनों साहित्यादि ग्रंथों के विद्वान थे। ज्ञानतिलक रचित ३४ स्तोत्र व फुटकर संग्रह का गुटका विनयसागरजी के संग्रह में है। कविवर विनयचन्द्र इन्हीं ज्ञानतिलकजी के शिष्य थे। सं १७३६ मिती

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यंत आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व. पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा, भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ बृहद् ज्ञान-भंडार बीकानेर, मोतीचंद खजांची ग्रन्थालय बीकानेर, खरतर आचार्य ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री, पं० हरदत्तजी गोविन्द व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रन्थों का संपादन संभव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनंक्वापि भवत्येव प्रमादतः हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुनः माँ भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुनः उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक

लालचन्द कोठारी
प्रकाशन-मंत्री
सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

बीकानेर
मार्गशीर्ष शुक्ला १५
सं० २०१७
दिसम्बर १९६०

श्रीमान फतेलालजी श्रीचन्दजी गोलेछा
जयपुर वालों की ओर से भेंट ॥

कविवर विनयचन्द्र और उनका साहित्य

संसार में दो तरह के प्राणी जन्म लेते हैं। कुछ जन्मजात प्रतिभासम्पन्न होते हैं और कुछ परिश्रमपूर्वक प्रतिभा का विकास करते हैं। साहित्यकारों में भी हम उभय प्रकार के व्यक्ति पाते हैं। कई कवियों की कविता में स्वाभाविक प्रवाह होता है शब्दावली अपने आप उनकी कविता में रत्नों की भाँति आकर ग्रथित हो जाती है जो पाठकों को मुग्ध कर लेती है। कई कवियों की रचनाएं शब्दों को कठिनता से बटोर कर सजाई की हुई प्रतीत होती है। सुकवि विनयचन्द्र प्रथम श्रेणी के प्रतिभासम्पन्न कवि थे जिनकी उपलब्ध रचनाओं का संग्रह प्रस्तुत ग्रन्थ में प्रकाशित किया जा रहा है।

पन्द्रह वर्ष पूर्व राजस्थान के महाकवि समयसुन्दर की रचनाओं का अनुसंधान करते हुए बीकानेर के श्री महावीर जैन मण्डल में सं० १८०४ का लिखा हुआ एक गुटका प्राप्त हुआ जिसमें समयसुन्दरजी की अनेक फुटकर रचनाओं के साथ साथ उनकी परम्परा के कुछ कवियों की भी रचनाएं मिली। सुकवि विनयचन्द्र महो० समयसुन्दरजी की परम्परा में ही थे और उस गुटके के लिखनेवाले भी उसी परम्परा के थे अतः विनयचन्द्र की भी ४ रचनाएं इस प्रति में प्राप्त हुई जिनमें से नमिराजुल बारहमासा और राजिमतीरहनेमि सम्बन्ध नामक उत्कृष्ट रचनाओं ने हमें इस कवि के प्रति विशेष आकृष्ट किया

उनकी राजिमती रहनेमि सज्झाय को सन् १६२६ता १३ जून में आगरा से प्रकाशित होनेवाले श्वेताम्बर जैन पत्र ४ अंक २८ में प्रकाशित किया गया उसके बाद खरतर गच्छ के वृहद् ज्ञान भण्डार का अवलोकन करते हुए महिमाभक्ति भण्डार के बं० नं ३७ में विनयचन्द्रजी की चौवीसी बीसी, सज्झायादि की ३१ पत्रों की संग्रहप्रति प्राप्त हुई और जैन गुर्जर कविओ दूसरा भाग सन् १६३१ में प्रकाशित हुआ उसमें आपके रचित उत्तम कुमार चरित्ररास ध्यानामृतरास मयणरेहा रास ११ अंग सज्झाय शत्रुंजय तीर्थयात्रा स्तवन का उल्लेख प्रकाशित हुआ था। हमने आपको प्राप्त समस्त रचनाओं की सूची देते हुए कविवर विनयचन्द्र नामक लेख प्रकाशित किया जिसमें नेमिराजुल बारहमासा भी दिया था। कवि की रचनाओं की संग्रह प्रति से तभी हमने प्रेस कापी तैयार कर रख दी थी जिसे प्रकाशित करने का सुयोग अब प्राप्त हुआ है।

गुरु परम्परा—

खरतरगच्छ की सुविहित परम्परा में मुगल सम्राट अकबर प्रतिबोधक युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरि प्रसिद्ध और प्रभावक आचार्य हुए हैं। उनके प्रथम शिष्य सकलचन्द्र गणि के शिष्य अष्टलक्षी कर्त्ता महोपाध्याय समयसुन्दरजी की विशद् परम्परा में कविवर विनयचन्द्र हुए हैं। कविवर स्वयं उत्तमकुमार चरित्र चौपई में अपनी गुरु परम्परा का परिचय देते हुए लिखते हैं कि महोपाध्याय समयसुन्दरजी भारी प्रकाण्ड विद्वान थे जैसे—

ज्ञानपयोधि प्रबोधवा रे, अभिनव ससिहर प्राय , सु०
कुमुदचन्द्र उपमा वहै रे, समयसुन्दर कविराय , ८ सु
सत्पर शास्त्र समर्थिवा रे सार अनेक विचार , सु०
वकि कमिविका कमलनी रे, उल्लासन दिनकार ; ६ सु०

इनके शिष्य विद्यानिधि वाचक मेघविजय हुए। जिनके शिष्य हर्षकुशल भी अच्छे विद्वान थे जिन्होंने विहरमान बीसी का रचना करने के अतिरिक्त महोपाध्याय समयसुन्दरजी को ग्रन्थरचना में भी साहाय्य किया था। इनके शिष्य व हर्षनिधान हुए जिनकी चरणपादुकाएं सं० १७६७ मिति आषाढ़ सुदि ८ के दिन शिष्य वा० हर्षसागर द्वारा प्रतिष्ठित बीकानेर रेल दादाजी में विराजमान है। हर्षनिधानजी के लिए कविवर ने लिखा है कि ये अध्यात्म-योगी थे, यत —

'परम अध्यातम धारवा रे जो योगेन्द्र समाम।

इनके तीन शिष्य थे प्रथम वा० हर्षसागर द्वारा स० १७२६ का० कृ ६ को लिखित पुण्यसार चतुष्पदी (सेठिया लाइब्रेरी बीकानेर) प्राप्त है। इनकी चरणपादुकाएँ भी स० १७ ४ वै० सु ८ सोम के दिन प्रतिष्ठित बीकानेर के रेल दादाजी में है। इनके नयणसी व प्रतापसी नामक दो शिष्य थे। हर्षनिधानजी के द्वितीय शिष्य ज्ञानतिलक व तीसरे पुण्यतिलक थे ये तीनों साहित्यादि ग्रंथों के विद्वान थे। ज्ञानतिलक रचित ३ ४ स्तोत्र व पुष्कर संग्रह का गुटका विनयसागरजी के संग्रह में है। कविवर विनयचन्द्र इन्हीं ज्ञानतिलकजी के शिष्य थे। सं० १७११ मिती

वैशाख सुदी १४ को बीकानेर में साध्वी हर्षमाला के लिए प्रतिलिपि की हुई एकादशांग स्वाध्याय की प्रशस्ति इसी ग्रन्थ के पृ ६८ में प्रकाशित है।

हर्षनिधानजी के तृतीय शिष्य पुण्यतिलक थे जिनके शिष्य महोपाध्याय पुण्यचन्द्र हुए। इनके शिष्य पुण्यविलासजी ने अपने शिष्य पुण्यशील के आग्रह से सं० १७८० में मानतुंग मानवती रास (ढाल ५० गाथा १४४७) लूणकरणसर में निर्माण किया जिसकी दो प्रतियां ज्ञानभवन जयपुर में है। पुण्यविलासजी के दूसरे शिष्य मानचन्द्र थे। नन्दीपत्रानुसार इनकी दीक्षा सं० १७७४ को पत्तन में हुई थी इसमें पं० माना व पुण्यशील लिखा है अतः पुण्यशील और माना एक ही व्यक्ति प्रतीत होते है। सं १८०४ वाला उपर्युक्त गुटका इन्हीं मानचन्द्र द्वारा लिखा हुआ है जिसमें कविवर समयसुन्दरजी की कृतियाँ और जिनचन्द्रजी की चार कृतियाँ लिखी हुई है। प्रशस्ति इस प्रकार है :—'सम्वत् १८ ४ वर्षे मिति माह वदि १ तिथौ मंगल युगप्रधान पूज्य भट्टारक श्रीमच्छ्री जिनचन्द्रसूरी श्वराणां शिष्य मुख्य पंडितोत्तम प्रवर सकलचन्द्रजी गणि शिष्य महोपाध्याय श्री ५। श्री समयसुन्दरजी गणि। शिष्य मेघ विजयजी गणि। वाचकोत्तम वर हर्षकुशलजी गणि। पाठकोत्तम हर्षनिधानजी शिष्य दक्ष पुण्यतिलकजी गणि। महोपाध्याय श्री

१—देखो बीकानेर जैन लेख संग्रह लेखांक १ ८ ।
२—देखो बीकानेर जैन लेख संग्रह लेखांक १ ५१।

५ श्री पुण्यचन्द्रजी गणि तच्छिष्य पंडितोत्तमप्रवर श्री पुण्य विलासजी गणि। तदंतेवासी पंडित मानचन्द्र लिखित॥ श्री मरोट मध्ये॥ सुश्रावक पुण्यप्रभावक मुहता दुलीचन्दजी तत्पुत्र जैतसीजी तत्पुत्र सुखानन्द पठन हेतवे। आचन्द्रार्कों यावत् चिरनन्दतु।

जन्म—

कविवर का जन्म कब और किस प्रान्त में हुआ यह जानने के लिए अभी तक कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं हुआ है पर गुज रात में रह कर हिन्दी रचना व राजस्थानी शब्द प्रयोग देखते हुए प्रतीत होता है कि इनका जन्म राजस्थान में ही हुआ होगा। आपने अपनी रचनाओं में दिन राजस्थानी लोक गीतों को देसियां प्रयुक्त की हैं यह भी हमारी धारणा को पुष्ट करने वाली हैं। आपके हृदय के श्रृंगार भक्ति आदि देखते यह निश्चित है कि आपने जैन कुल में जन्म लिया था। आपकी प्रथम रचना उत्तमकुमार चरित्र चौपाई सं० १७५२ में पाटण में हुई है उस समय आपका ज्ञान और योग्यता देखते कम से कम २५ वर्ष की अवस्था होनी चाहिए तो अनुमान किया जा सकता है कि आपका जन्म लगभग १७२५ से १७३० के बीच में हुआ होगा।

दीक्षा—

दीक्षाकाल जानने के लिए सब से सुगम साधन श्रीपूज्यों के दफ्तर और नन्दी अनुक्रम सूची है। उसके अभाव में हमें

अनुमान के आधार पर ही चलना होगा। अतः आपने लगभग १५ वर्ष की आयु में दीक्षा ली हो तो सं० १६४०-४५ के बीच में दीक्षाकाल होना चाहिए।

विद्याध्ययन—

दीक्षा लेने के अनन्तर आपने विद्याध्ययन प्रारम्भ किया। आपकी गुरु परम्परा में साहित्य जैनागम और भाषाशास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान होते आये हैं। त्याग वैराग्यपूर्ण श्रमण संस्कृति का मुख्य आधार आचारशास्त्र और अध्यात्म था। आपने अपने गीतार्थ गुरुओं की निश्रा में रह कर पूर्ण मनोयोग पूर्वक विद्याध्ययन किया था कि आपकी कृतियों से भली भाँति प्रमाणित है। इनकी भाषा कृतियों में संस्कृत शब्दों का प्राधान्य है इससे विदित होता है कि संस्कृत भाषा एवं काव्य ग्रन्थादि का आपने सुचारु रूप से अध्ययन किया था।

विहार और रचनाएँ—

आपका विहार कहाँ-कहाँ हुआ यह जानने के लिए हमारे पास आपकी कृतियों के सिवा कोई साधन नहीं है। आपकी संवतोल्लेख वाली प्रथम बड़ी रचना उत्तमकुमार चरित्र चौपई है जो सं० १६५२ मिती फागुन सुदि ५ गुरुवार के दिन पाटण में विरचित है। इससे ज्ञात होता है कि आप अपने गुरुजनों के साथ राजस्थान से तत्कालीन आचार्य श्री जिनचंद्रसूरिजी के आदेश से गुजरात पधारे थे। इन श्री जिनचंद्रसूरि जी की

गहूँली इसी ग्रन्थ के पृ ८४ में प्रकाशित है जिसमें आपने आचार्य श्री जिनधर्मसूरि के पट्ट पर श्रीजिनचन्द्रसूरि के पाट बिराजने का उल्लेख किया है। यह पट्ट महोत्सव बीकानेर के लूणकरणसर में हुआ था अतः इसके बाद आचार्य श्री ने आपके गुरु महाराज को गुजरात में विचरने का आदेश दिया प्रतीत होता है। इस लघु रचना में अपने को कवि ने मुनि जिनचन्द्र लिखा है इसके बाद आपने लघु कृतियां अवश्य ही बनाई होंगी क्योंकि अतमकुमार चरित्र में आपने अपने को कई जगह कवि' विशेषण से सम्बोधित किया है। पाटण में रहते आपने वाड़ी पार्श्व स्त० व नारंगपुर पार्श्व स्तवनादि की रचना की। इसके बाद स १७५८ का चातुर्मास आपने राजनगर किया और विजयादशमी के दिन विहरमान बीसी रचकर पूर्ण की। दूसरा चातुर्मास भी आपने राजनगर में ही बिताया था स्थूलिभद्र बारहमासा गा ११ की रचना राजनगर में हुई। सं० १७५८ मा० व० १ को राजनगर (अहमदाबाद) में ११ अंग सज्झायों की रचना एव विजयादशमी के दिन चौबीसी की रचना पूर्ण की। इस चातुर्मास के पश्चात् आपने आचार्य श्री जिनचन्द्र सूरिजी एवं अपने दादा गुरु श्री हर्षनिधान पाठक व गुरु ज्ञान तिलकादि गुरुजनों के साथ सपरिवार मिती पोषवदी १० के दिन शत्रुंजय महातीर्थ की यात्रा की जिसका उल्लेख आपने इसी ग्रन्थ के पृ ८ में प्रकाशित शत्रुंजय यात्रा स्त० गा २१ में किया है एक और गा० १३ का स्तवन पृ ४५ में प्रकाशित है।

इसके अतिरिक्त संखेश्वर पार्श्वनाथ स्त० गा० ११ का पृ० ६४ में छपा है पर आपने यह यात्रा कब की इसका कोई उल्लेख नहीं। इसके पश्चात् आपने कब कहाँ चातुर्मास किये इसका कोई पता नहीं चलता अब तक जो रचनाएँ मिली हैं वे सं० १७५२ से १७५५ तक की हैं। इसके पश्चात की कोई संवतोल्लेख वाली रचना नहीं मिलने से ठीक ठीक पता नहीं लगता कि आप कब तक विद्यमान रहे पर दीक्षानंदि पत्र में आपके शिष्य विनय मंदिर की दीक्षा सं० १७६६ ज्येष्ठ वदि ५ को बीकानेर में हुई थी लिखा है उस समय तक आप अवश्य ही विद्यमान थे। इन वर्षों में आपने ग्रंथ रचना अवश्य ही की होगी। पर किसी ज्ञान भंडार या उनकी परम्परा के किसी विद्वान के पास रही कहीं मिल जाय तो आपकी रचनाओं व जीवनी पर विशेष प्रकाश पड़ सकता है। तीन वर्ष जैसे अल्पकाल की रचनाओं से विदित होता है कि आप उच्च कोटि के कवि थे। एवं और भी बहुतसी रचनाओं का निर्माण किया होगा। इस ग्रन्थ में प्रकाशित प्रधान रचनाएँ इस प्रकार हैं —

१—ध्वमकुमार चरित्र चौपई ढाल ४२ गाथा ८४८ स० १७५२
फा० सु ५ गु पाटण

२—विहरमान बीसी स्तवन स्त २ कलश २ स० १७५४
विजयादशमी राजनगर

३—११ अंग सज्झाय स० १२ सं० १७५५
मा० वदी १० राजनगर

४—चतुर्विंशतिका स्त० २४ कम्रा १ सं० १७८६ विजयादशमी रामनगर

५—शत्रुजय यात्रा स्त० गाथा २१ सं० १७८६ पौष वदी १० यात्रा

६—फुटकर स्तवन सज्झाय बारहमासा गीत आदि २५ कृतियाँ

इनके अतिरिक्त जैन गुर्जर कविओ भाग २ पृष्ठ ५२३ में :—

१—ध्यानामृत रास । २—मयणरेहा चौपाई ।

एवं जैन गुर्जर कविओ भाग ३ पृ. ११५८ में—

३—राहा कथा चौपई का उल्लेख किया है। श्री देसाई ने प्रथम दो रचनाओं का न तो रचनाकाल व आदि अन्त दिया है और न प्राप्तिस्थान ही दिया है। विनयचन्द्र नाम के कई कवि हो गए हैं अतः ये रचना इन्हीं कविवर की हैं या और किसी विनयचन्द्र की नहीं कहा जा सकता। फिर भी मयणरेहा चौपाई व राहा कथा चौ० की प्रतियाँ हमारे (श्री अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर) संग्रह में हैं उनमें से मयणरेहा चौपाई का रचना काल सं० १८७० एवं रचनास्थान जयपुर है उसके रचयिता विनयचन्द्र स्थानकवासी अनोपचन्द के शिष्य हैं। राहा कथा चौपाई में विनयचन्द्र के गुरु का नाम रचनाकाल नहीं पाया जाता पर यह कृति भी स्थानकवासी विनयचन्द्र की ही लगती है। अतः तीन में से दो तो हमारे कविवर विनयचन्द्र से सौ सवा सौ वर्ष पश्चात् होनेवाले स्थानकवासी विनयचन्द्र की रचनाएँ सिद्ध हो जाती हैं केवल ध्यानामृतरास ही अनिश्चित अवस्था में रहता है सम्भव है यह हमारे कवि विनयचन्द्र

की रचना हो पर उसकी प्रति कहाँ पर है इसका निर्देश नहीं होने से हम उसे प्राप्त नहीं कर सके। उत्तमकुमार रास की भी प्रतियां अधिक नहीं मिलती। दो-तीन प्रतियों की ही सूचना मिली जिनमें से १ तिलकविजय भंडार महुआ २ चुन्नीजी भंडार, काशी का उल्लेख जैन गूर्जर कवियों में किया गया था। चुन्नी जी भडार की कुछ प्रतियाँ आगरा व कुछ प्रतियाँ रामघाट जैन मन्दिर के भडार बनारस में भेंट गई। हमने बनारस हीराचन्द्र सूरिजी को पत्र लिखा पर वहाँ की सूची में महाराजकुमार चौ का नाम होने से वे पता नहीं लगा सके अन्त में हमें स्वयं वहाँ जाना पड़ा और कठिनता से पता लगाकर प्रति प्राप्त की। प्रति का उपयोग करने का सुयोग भी हीराचन्द्रसूरिजी महाराज की कृपा से ही प्राप्त हो सका इसलिए उनके हम विशेष आभारी है। इसकी एक प्रति देहला के उपाश्रय अहमदाबाद स्थित राजविजय भडार में होने का उल्लेख जैन गूर्जर कविओ के दूसरे भाग में है जिसे प्राप्त करने के लिए पत्र व्यवहार किया पर सफलता नहीं मिली। यह चौपाई एक ही प्रति के आधार से सम्पादन की गई अत कई जगह पाठ त्रुटित रह गया है।

चौबीसी बीसी ११ अग सज्झाय आदि रचनाओं की एक प्रति पत्र ३१ की महिमाभक्ति ज्ञानभडार में मिली थी तद नन्तर आचार्य शाखा भण्डार से २ संग्रह प्रतियाँ व दो फुटकर पत्र प्राप्त हुए जिनमें से प्रथम प्रति २० पत्रों की कवि के गुरु भी ज्ञानतिलक द्वारा लिखित है इसमें बीसी चौबीसी, ११ अंग

सज्झाय व अन्य फुटकर रचनाएँ हैं जिसकी प्रशस्ति इसी पुस्तक के पृ० ६८ में दी गई है। दूसरी प्रति ७ पत्रों की है, जिसमें ११ अंग सज्झाय, दुर्गति निवारण सज्झाय व पार्श्वनाथ स्तवन है जिसकी लेखन प्रशस्ति इस प्रकार है —

"संवत् १७१७ रा फागुन सुदि १० शनिवारे श्री जैसलमेर दुर्गे लिखितमस्ति श्राविका मूली बाई पठनार्थ ॥श्रीरस्तु॥"

एक फुटकर पत्र में नयविमल रचित शत्रुंजय के २ स्तवनों के बाद विनयचन्द्र रचित संभवनाथ स्तवन है। यह पत्र पुण्यचन्द्र ने सुश्राविका पुण्यप्रभाविका तत्त्वार्थ गुण श्राविका अम्मा वाचनार्थ लिखा है। अन्य फुटकर पत्र में कुगुरु स्वाध्याय गा० ३१ की है वह कवि के स्वयं लिखित पत्र विदित होता है क्योंकि इसमें ऊपर व किनारे में पाठवृद्धि व पाठान्तर भी लिखे हुए हैं सम्भवतः यह रचना का मसौदा या प्रथमादर्श होगा। और एक फुटकर पत्र में गौड़ीपार्श्व स्तवन और सूरप्रभ स्तवन मुनि हरिचन्द्र के श्राविका आसो पठनार्थ लिखित प्राप्त है। कुगुरु सज्झाय हमारा अनुमान है कि यदि कवि के स्वयं लिखित है तो उनके हस्ताक्षर बहुत सुन्दर थे और उसकी प्रतिकृति इस ग्रन्थ में भी दी जा रही है।

शिष्य परिवार—

कवि विनयचन्द्र के कितने शिष्य थे और उनकी परम्परा कब तक चली? साधनाभाव में यह बतलाना असम्भव है पर ज्ञानसागर कृत चौबीसी पत्र ७ की प्रशस्ति से मालूम होता है कि आपके एक शिष्य विनयमन्दिर और उनके शिष्य सुखलालचन्द्र

थे। नंदि अनुक्रम पत्र के अनुसार इन जिनधर्ममंदिर का पूर्वनाम धर्मीचंद था और सं० १७१६ मिती ज्येष्ठ वदि ६ को बीकानेर में दीक्षा हुई थी। इस प्रशस्ति में से विदित होता है कि कविवर के गुरु वाचनाचार्य एवं कवि स्वयं सं० १७४२ से पूर्व गणि पद विभूषित हो चुके थे। यहाँ उपर्युक्त प्रशस्ति की नकल दी जा रही है :—

"संवत् १७४२ वर्षे मिती ज्येष्ठ सुदी १ रविवारे श्री राजनगरे वा० ज्ञानतिलक गणि शिष्य विनयचन्द्रगणि शिष्य जिनधर्ममंदिर शिष्य चिर सुखालचंद लिखितं ॥ साध्वी कीर्तिमाला शिष्यणी रूपमाला पठनार्थं ॥ श्रीरस्तु ॥ शुभं भवतु ॥"

भक्ति व काव्य प्रतिभा—

कविवर का हृदय जिनेश्वर भगवान के भक्ति रस से ओत प्रोत था। चौबीसी बीसी एवं स्तवनादि में आपने बड़े ही मार्मिक उद्गार प्रगट किये हैं। आपने अपनी कृतियों में कहीं सरल भक्ति, कहीं उत्प्रेक्षाएँ और वक्रोक्तिपूर्ण उपालम्भ देते हुए विभिन्न रसों की भाव धारा प्रवाहित की है। भाषा प्रौढ़ और सटीक शब्दयोजना फबती हुई उपमाएँ पाठकों के मन को सहज ही आकृष्ट करने में समर्थ हैं। यहाँ कुछ थोड़े से अवतरण पाठकों के रसास्वादनार्थ उद्धृत किये जाते हैं।

"नयण नयण मिलावने रे जिन मुख रहीयइ जोय
तउ ही तृप्ति नहीं पामियइ रे, मनसा विरणी होय"

[सुपार्श्व स्त०]

जिम गोपी मन गोविन्द रे लाल गौरी मन शंकर वसइ
वलि जेम कुमुदिनी चन्द रे लाल [शांतिनाथ स्त०]

नइ अकृत्रिम नेह कियउ रे, कदे न विहडइ तेह
दिन दिन अधिकउ उल्लटइ रे, जिम आषाढ़ी मेह
[कुंथुनाथ स्त०]

श्री मुनिसुव्रत स्वामी के स्तवन में प्रभु को उपालम्भ देते हुए कवि कहता है कि—

हुं रागी पिण तु अछइ जी, नीरागी निरधार।
मांडे नहीं इक ध्यान मइ जी खीजी दोइ दरबार॥
जाणपणउ मइ जाणियउ जी जिनवर साहरउ आज।
तक ऊपर आण्यउ हतोजी तैं नवि राखी लाज॥
ज स्वामी तुम्ह सरिखाजी वछिस नापइ र अन्त।
मुझ सरिखा से लालचाजी जीधा विण न रहस॥

× × × ×

नेमजी हो सुगति रमणि मोह्या तुम्हे हो राजि
पिण तिण मां नहिं स्वाद।
नमजी हो तेह अनते मागवी हो राजि छाडउ छोकरवाद।
[नमिनाथ गीत पृ० ६]

कविवर ने उपमाओं एवं लोकोक्तियों को अपनी कृतियों में रचित करके उन्हें हृदयग्राही बना दिया है। यहाँ थोड़े से उदाहरण प्रस्तुत किये जाते हैं —

"साकर मां कांकर निकसइ ते साकर नो नहिं वाक"
[विमलनाथ स्तवन]

वाल्हा लागौ हो नहिं उवेश काट पड़ जिम चीगटइ
वाल्हा तेतउ हो न्याय अमेस कर्म अरि क्यों किम कटइ
[धर्मनाथ स्त०]

हा रे लाल निज फल सरवर नवि भखइ
सरवर न पियइ जल जेम रे लाल
पर उपगारइ थाय ते तु पिण जिनजी तुइ तेम रे लाल
[शांतिनाथ स्त०]

"कोइल ओवा गुण करै रे, पिण सु जाणे काग
मूरख पशु जाणे नहीं रे सेलड़ी चड़ब मिठास"
[कुंथुनाथ स्त०]

'मे लख नइ गुल सरिखा जाणइ ते स्युं नवल्हो नेह पिछाणइ"
(मल्लिनाथ स्त०)

"देख अधर मीठा मुखे हृदय कुटिल असमान
जाणि पयोमुख समझा ते विषकुम्भ समान"
(नमिनाथ स्त०)

'तरु मावइ तउ सइ इकठाई पिण अब नींब अधिकाई र
पंगत्री वावइ एकज हुआ पिण काग कोइल ते जूआ रे'
(सूरप्रभ स्तवन)

महिर विना साहिब किसउ हो सहिर बिना स्यउ वाय रे सनेही
महिर बिना स्यउ राजवी हो इम कहि मांहि कहाव रे सनेही
(संतेश्वर पार्श्व स्त० पृ ४५)

'गऊ हाथइ रे ताली नवि पड़इ र' (स्वामाविक पार्श्व स्त पृ० ७४)

जिम सौ तिम पचास' 'सौ यातें इक बात' (मांडी पार्श्व स्तवन पृ ७१)

जिन प्रतिमा स्वरूप निरूपण स्वाध्याय (पृ० १००) में वायस दुग्ध प्रक्षालन मुद्गशालिक घनवपन ऊपरभूमि बीजवपन बधिर प्रमाण कथन श्वान-पुच्छ जिम कांजीयइ दूध नदी किनारेवृक्ष आदि उपमाएँ दी गई हैं। स्वयं जिनेश्वर भगवान की अविद्यमानता में मुमुक्षुओं के लिए जिन प्रतिमा एक पुष्ट साधन है। कविवर जिन प्रतिमा को जिन सदृश उपकारी मानते थे और उसे अमान्य करनेवालों का प्रखरता के साथ निराकरण करने के हेतु इस ३६ गाथा की स्वाध्याय का निर्माण हुआ है। ध्यान के लिए जिन प्रतिमा की उपयोगिता बताते हुए कविवर निम्नोक्त भाव व्यक्त करते हैं :—

> जिन प्रतिमा निश्चयपणइ, सरस सुधारस वेलि
> चिंतामणि सुरतरु समी अथवा मोहनवेलि ६
> नेह विना सी प्रीतड़ी? कंठ विना स्यउ गान
> सूत्र विना सो रमवती प्रतिमा विण स्यउ ध्यान ७
> तीर्थंकर पिण का नहीं नहिं को अतिशयधार
> जिन प्रतिमा नउ इण अरइ एक परम आधार ६

कविवर विनयचन्द्र जैन शास्त्रों के प्रौढ़ विद्वान थे। इन्होंने ग्यारह अंग सज्झायों में प्रत्येक अंग—आगम का रहस्य बड़ी ही आकर्षक वाणी में श्रद्धा भक्तिपूर्वक व्यक्त किया है। इन सज्झायों का ज्ञान से जिनवाणी के प्रति आस्था प्रगाढ़ हो जाती

है और वाचक आपकी भुत श्रद्धा के प्रति पद-पद पर श्रद्धावनत हो जाता है। ग्यारह अंगों का परिचय प्राप्त करने के लिए तो ये सज्झाय बड़ी ही उपयोगी हैं। अन्तिम सज्झाय में कवि लिखता है कि—

'पसरी अंग इग्यार नी सहेली हे मुझ मन मंडप वेलि कि।
साधु नइ रसइ करी सहेली हे अनुभव रस नी रेलि कि ॥२॥
हेजभरो जे सभिलइ सहेली हे कुण पूछा कुण वाल कि।
तद ते फल सवे फूटरां सहेली हे, स्वादइ अतिहि रसाल कि ॥३॥

कविवर ने प्रकृति-सौन्दर्य को भी जिस सरसता से वर्णन किया है वह अपने ढंग का अनूठा है—श्रीरहनेमि राजीमति स्वाध्याय तथा श्री स्थूलिभद्र बारहमासा में छः ऋतुओं का वर्णन प्रकृति की सौन्दर्य सुषमा तथा जन-मन में उठता हुआ उल्लास नव रसों के प्रवाह का कवि ने जिस सजीवता से वर्णन किया है उसका रसास्वादन कराने के लिए कुछ पद्य यहाँ उद्धृत करते हैं —

रहनेमि राजिमती स्वाध्याय

वर्षा—

सखि बुदसारी इमकारी भूमि मारी देव।
झरलाय निर्मर झरत झरमर सजल जलद अछेव ॥
घन घटा गर्जित छटा तर्जित भये अर्जित गेह।
टव टवकि टबकत झबकि झबकत विविविधि बीजकि रेह ॥ २॥
मग स्याम बाहर देखि दादुर रटत रस भरि रइन।
वन-मोर बोलइ पिच्छ डोलइ फिरइ कोकइ पुनि नइन ॥ ३ ॥

कोक परि बिहु बोक करतो विरह कम्पणइ हुँ कली।
काढियइ तिहाँ थी बांह झाली कल्पणा रसनइ थटकली॥

रौद्र

अकुलाय परणि तरणि तरणी, किरण थी शोपत धरै।
रूपपति परइ घन कन्त असमु करी मन वेदन करै॥
तिम तुम्हे पणि विरह तापइ तापवउ प्रउ अतिघणुं।
चाँद्रणी शीतल झाल पावक, परइ कहि केतउ भणु॥

वीररस-कार्तिक

काती कौतुक मोभरइ वीर करइ समामो जी।
विकट कटक चाला पणु तिम कामी निज धामाजी॥
निज धाम कामी कामिनी ने लइइ वेधक नयण सुं।
रणतूर नेउर लहग वेणी, धनुप-रूपी नयण सुं॥

भयानक मगसिर

भयानक रसइ मेढियउ मगिसिर मास सनूरो जी।
मंगि सिरहि गोरी धरइ, वर अहणि मां सिन्दूरो जी॥
सिन्दूर पूरइ दर्प कोरइ मदन झाल अनल जिसी।
तिहाँ पड़इ कामी भर पतगा धरी रँगा धसमसी॥

अद्भुत हेमन्त व माघ

माघ निदाघ परइ हरै ए अद्भुत रस देखुं जी।
शीतल पणि अइना धणुं प्रीतम परतिख पेखुं जी॥

फाल्गुन

महुअ माथ सुगन्ध लेवई पिपरकी मम जल रसइं।
गुण राग रँग गुनाल उडइ करत्र ससपोही वसइ॥

परभाग रंग मृदंग गंजइ सत्त ताल विशाल ए।
समकित तंत्री तंत मणकइ सुमति सुमनस माल ए॥

चैत्र (वसन्त)

चैत्रइ विचित्र थइ रही अंबतणी वनरायोजी।
शुद्ध शाखा अंकुरित थइ सोइ वसन्तइ पायो जी॥
पाई वसंतइ सोइ जिणपरि, प्रियागमनई पद्‌मिनी।
सिणगार बिन पिण मुदित होवइ प्रेम पुलकित अंगिनी॥

आगे चल कर कवि ने बैशाख और ज्येष्ठ महीमा का भी सुन्दर वर्णन किया है। इसी प्रकार इस ग्रन्थ के पृ ६१ में प्रकाशित नेमि राजिमती बारहमास में भी प्रकृति और बारहमास का सुन्दर वर्णन किया है पाठकों को स्वयं पढ़कर रचनाओं का रसास्वादन करना चाहिए।

स्नेह निवारण स्थूलिभद्र सज्झाय में कहा है कि :—

'नेह थी नरक निवास नेह प्रबल दुःख पास
नेह देह विनाश नेह प्रबल दुख रास
चाल्हानइ वउलावतां रे, पीछइ प्रेम नी झाल
दीयड़ो फाटइ अति घणु रे नांखइ विरह बझाल
वलतां मुँह मारगी दूबे रे हां, अंग तपइ अंगार
आँसड़ियें आसू झरइ रे हां जिमपावस जलधार
मत किणही सु लागज्यो र पापी एह सनेह
पगइ म पग्यौ नीसरइ रे हां चलइ सुरंगो नेह'

कविवर विनयचन्द्र की समस्त रचनाओं में विस्तृत रचना उत्तमकुमार चरित्र है जिसमें सदाचार को पोषण करने वाला उत्तमकुमार का उदात्त चरित्र है जिसका सार यहाँ दिया जा रहा है।

उत्तमकुमार रास सार

प्रारम्भ में एक संस्कृत श्लोक द्वारा विनायक को नमस्कार किया गया है जो प्रति लेखक द्वारा लिखा हुआ है। रास के प्रारम्भ में ११ दोहों में ॐकार, सरस्वती और दादा श्री जिन कुशलसूरिजी को नमस्कार कर सुपात्रदान के अधिकार में उत्तमकुमार चरित्र रचना प्रस्ताव रखते हुए कवि श्रोताओं से बातचीत और कुमति क्लेश त्याग करने का निर्देश कर चरित्र का प्रारम्भ करता है।

काशी देश स्थित वाराणसी नगरी का वर्णन करते हुए कवि लिखता है कि उस अलकापुरी के समकक्ष नगरी में ऊँची अट्टालिकाएँ चारों ओर दुर्ग चौरासी चौहटे और स्वर्ण-कलश युक्त जिनालय हैं जिन पर ध्वजाएँ फहराती हैं। इस नगरी के पुरुष देव और स्त्रियाँ अप्सरा तुल्य हैं। जल से लबालब भरे हुए सरोवरों में हंस आदि पक्षी कल्लोल करते हैं, फल फूलों से लदे हुए वृक्ष बारहों मास हरे भरे रहते हैं, टहूका करती हुई कोयल एवं अन्य पक्षी गण निर्भीक निवास करते हैं। इस नगरी का राजा मकरध्वज शूरवीर और दयालु था। राजा का वास्तविक गुण क्षमा ही है, यह बतलाने के लिए कवि ने निम्नोक्त दोहा उद्धृत किया है:—

> "कहे अटक्कै भूप नहीं पहिरण्यां नाही रूप।
> बूँद लगै सो राजवी, मिरल सहै सो रूप॥"

राजा की रानी लक्ष्मीवती पतिव्रता और चौसठ कलाओं में प्रवीण परिनिष्ठा सुन्दरी थी। सांसारिक सुख उपभोग करते हुए रानी के गर्भ में शुभ स्वप्न सूचित पुत्र आकर अवतीर्ण हुआ। गर्भकाल पूर्ण होने पर रानी ने सुन्दर पुत्र को जन्म देकर इस दृष्टान्त को चरितार्थ कर दिया कि दीपक से दीपक प्रकट होता है। राजा ने बड़े उत्साह से पुत्र जन्मोत्सव किया घर घर में तोरण लगाये गए, दान दिया गया। दसोटन करने के बाद उत्तम लक्षण वाले पुत्र का नाम उत्तमकुमार रखा गया। उत्तमकुमार चन्द्रकला की भांति पांच माताओं द्वारा पालित पोषित होकर क्रमशः आठ वर्ष का हुआ। राजा ने उसे पाठशाला में पढ़ने के लिए भेजा। थोड़े दिनों में वह सारे छात्रों से आगे बढ़ कर समस्त कला कौशल में निष्णात हो गया।

कुमार बड़ा सदाचारी था वह सत्यवादी नीतिवान और दयालु था। वह चोरी परदारागमन आदि सभी दुर्व्यसनों से विरत धीर वीर गम्भीर दीन दुखियों का उपकारी होने के साथ-साथ अपने इष्ट मित्रों के साथ खेल कूद में मस्त रहता था।

एक दिन रात में सोये हुए कुमार के मन में विचार आया कि मैं अब तरुण हो गया। इस अवस्था में हाथ पर हाथ धर घर में बैठे रहना कायर का काम है। कहा भी है कि—

गुण समता गुणवत मे वैरी अवगुण जाय
वनिता मे फिरियो पुरो जो सुगन्धी होय।

अतः मुझे पिता द्वारा उपार्जित लक्ष्मी का उपभोग न कर भ्रमण के हेतु निकल पड़ना चाहिये। वह देशाटन की उमंग में स्वजनों की चिन्ता छोड़कर हाथ में तलवार लेकर अपने भाग्य परीक्षा के हेतु प्रवास में निकल पड़ा। वह कितने ही जंगल, पहाड़ और नदियों को पार करता हुआ कौतुकवश धूप और लू की गर्मी में सुख-दुख सहन करता हुआ आगे बढ़ता ही गया। उसे कहीं तो भयानक अटवी मिलती तो कहीं हरे भरे वृक्ष और लहराते हुए सुन्दर सरोवर जहाँ कमलों की सौरभ मस्तिष्क को ताजा बना देती। अनुक्रम से अनेक ग्राम नगरों को उल्लंघन करता हुआ उत्तमकुमार मेवाड़ देश की राजधानी चित्तौड़ जा पहुँचा। यहाँ का राजा महासेन प्रबल प्रतापी और समृद्धिशाली होने के साथ साथ धर्मात्मा भी था। सब प्रकार से सुखी होने पर भी राजा सन्तान सुख से वंचित था। दैव की गति विचित्र है कवि कहता है कि—

> 'सुखिया देखि सके नहीं दोषी दैव अकाज
> संपति यों तो सुत नहीं इण परि करे निकाज
> इक अवनीपति सुतबिना बलि बैरयां में वास
> नदी किनारे रूखड़ा जब तब होइ विनास"

राजा ने सन्तानोत्पत्ति के लिए पर्याप्त उपाय किये पर वह असफल रहा। एक दिन वह वन में घूमने के लिए सपरिवार मन्त्री आदि को साथ लेकर निकला। राजा मीले घोड़ पर आरूढ़ था, उसने गुण लक्षण सम्पन्न घोड़े को बार-बार ने

अंग हाथे देख कर मंत्री से पूछा—इस पाट की किशोर वय में यह दशा क्यों ? राजा के बार बार पूछने पर भी मंत्री आदि कोई भी सब उसकी जिज्ञासा का समुचित उत्तर न दे सका तो राजा को कष्ट होते देख उत्तमकुमार ने आकर कहा—प्रभो। मैं परदेशी हूं पर अपनी मति के अनुसार बतलाता हूं कि इसने भैंस का दूध बहुत पिया है वह वायुकारक होता है इसी से इसकी गति में चपलता नहीं है। राजा ने कहा—वत्स! तुम बड़े ज्ञानी हो तुमने कैसे जाना ? वस्तुतः यह अश्व बाल्यकाल में मातृविहीन हो गया तब इसका ऊपरी दूध से ही पालन पोषण हुआ था। उत्तमकुमार के अश्वपरीक्षा ज्ञान से प्रभावित होकर राजा ने कहा—वत्स! इतने दिन मैं निःसन्तान था अब तुम भाग्यवश आ मिले तो यह सब राज पाट सम्भालो लक्षणों से तुम राजकुमार ही लगते हो। अतः निःसंकोच राज्य भार ग्रहण करो। मैं ज्ञानी गुरु के पास दीक्षित होकर आत्म-साधन करूँगा। उत्तमकुमार ने कहा—अभी तो मैं प्रवास में हूं लौटते समय आपके चरणों में उपस्थित होऊंगा।

उत्तमकुमार चित्तौड़ से अकेला चल पड़ा और कुछ दिनों में भरुच्छ (भरोंच) जा पहुंचा। दर्शनीय स्थानों का अवलोकन करते हुए वह मुनिसुव्रत भगवान के मन्दिर में पहुँचा और पूजा स्तुति द्वारा अपना जन्म सफल किया। फिर सरोवर के तट पर जाकर बैठ तो पनिहारिन लोगों से सुना कि कुबेरदत्त व्यवहारी पांचसौ प्रवहण भर के आज ही समुद्र यात्रार्थ रवाने

अत: मुझे पिता द्वारा उपार्जित लक्ष्मी का उपभोग न कर भ्रमण के हेतु निकल पड़ना चाहिये। वह देशाटन की उमंग में स्वजनों की चिन्ता छोड़कर हाथ में तलवार लेकर अपने भाग्य परीक्षा के हेतु प्रवास में निकल पड़ा। वह कितने ही जंगल पहाड़ और नदियों को पार करता हुआ कौतुकवश धूप और लू की गर्मी में सुख-दुख सहन करता हुआ आगे बढ़ता ही गया। उसे कहीं तो भयानक अटवी मिलती तो कहीं हरे भरे वृक्ष और लहराते हुए सुन्दर सरोवर जहाँ कमलों की सौरभ मस्तिष्क को ताजा बना देती। अनुक्रम से अनेक ग्राम नगरों को उल्लंघन करता हुआ उत्तमकुमार मेवाड़ देश की राजधानी चित्तौड़ जा पहुँचा। वहाँ का राजा महासेन प्रबल प्रतापी और समृद्धिशाली होने के साथ साथ धर्मात्मा भी था। सब प्रकार से सुखी होने पर भी राजा सन्तान सुख से वंचित था। दैव की गति विचित्र है कवि कहता है कि—

> 'सुखिया देखि सके नहीं दोषी दैव अकाज
> संपति यों तो सुत नहीं सुत पति करे निकाज
> इक अवनीपति सुतबिना बसि वेश्या में वास
> नदी किनारे रूखड़ा, जब तब होइ विनास"

राजा ने सन्तानोत्पत्ति के लिए पर्याप्त उपाय किये पर वह असफल रहा। एक दिन वह वन में घूमने के लिए सपरिवार मन्त्री आदि को साथ लेकर निकला। राजा नीले घोड़े पर आरूढ़ था उसमें शुभ लक्षण सम्पन्न घोड़े की बार-बार गति

नरक परिणामी अनुचित अध्यवसायों को त्याग दो! देवी ने आज्ञा न मानने पर उसे तलवार द्वारा मार डालने की धमकी दी। परन्तु कुमार को अपने निश्चय पर अटल देखकर सन्तुष्ट चित्त से देवी ने कुमार के शील गुण की स्तवना करते हुए वारह कोटि रत्न वृष्टि की। इसके बाद समुद्र में जाते हुए जहाज देखकर कुमार ने जहाज रोकने के लिए पुकारा। लहकती हुई ध्वजा के संकेत से समुद्रदत्त जहाजों को किनारे लगाकर कुमार से मिला और सारा वृत्तान्त ज्ञातकर उसे अपने जहाज में बैठा लिया। कुछ दिन में जल समाप्त हो जाने से व्याकुल होकर सभी यात्रियों ने शास्त्रज्ञ निर्यामक से जल प्राप्ति का उपाय पूछा। उसने कहा—थोड़ समय में बेल उतरने पर स्फटिक रत्नमय पर्वत प्रगट होगा जिस पर सुस्वादु जल का कुंआ है। पर वहाँ भ्रमर कतु नामक अति क्रूर और मांसभोजी राक्षस रहता है। समुद्र देवता के समक्ष उसने प्रतिज्ञा कर रखी है कि अवसर पर आरूढ़ यात्री को वह नहीं मारेगा। इस प्रकार बातें चल रही थी कि इतने में पर्वत प्रगट हो गया। सामने कुँआ दीखने पर भी भय के वशीभूत होकर कोई नीचे नहीं उतरा। कुमार ने सबको साहस बन्धाकर जल स्नान के लिए प्रेरित किया और सब की सुरक्षा का उत्तरदायित्व अपने पर ले लिया। लोगों ने रस्सी बांध कर जल पात्रों को कुएं में डाला पर कुंआ जल से भरा हुआ होने पर भी किसी को एक बूंद पानी नहीं मिला। तब राक्षस के भय से कोई कुएं में उतरकर जलादानार्थ के लिए प्रस्तुत नहीं हुआ

हो रहा है। कौतुकी उत्तमकुमार भी सांयात्रिक की अनुमति लेकर प्रवहण पर आरूढ़ हो गया। शुभ मुहूर्त में प्रवहण चल पड़े कुछ दिनों में पीने का पानी समाप्त हो जाने से जल-संग्रह करने के लिए शून्य द्वीप में जहाज रोके गए। सब लोग जब पानी की खोज में उतरे तो भ्रमरकेतु नामक राक्षस अपने साठ हजार साथियों के साथ आकर लोगों को पकड़ कर तंग करने लगा। साहसी उत्तमकुमार तुरन्त द्वीप में उतर आया और ललकार कर अकेला ही राक्षस सेना के साथ युद्ध करने लगा। उसने जिस वीरता के साथ युद्ध किया, भ्रमरकेतु कायरतापूर्वक भग गया और उसकी सेना तितिर-बितिर हो गई। राक्षस को जीतकर उसने समुद्र तट पर आकर देखा तो सारे जहाज रवाना हो चुके थे। कुमार ने सोचा—"लोग कितने स्वार्थी और कृतघ्न होते हैं ? दूसरे ही क्षण मन में विचार आया कि बिचारे भयाक्रान्त होकर भग गए इसमें उनका कोई दोष नहीं मेरे पूर्व जन्म के पापों का उदय है। इसके बाद उसने एक वृक्ष पर ध्वजा बांध दी जिससे किसी यात्री-जहाज को दूर से उसकी उपस्थिति मालूम हो जाय। वह भगवान के भजन करता हुआ फलाहार से अपना निर्वाह करने लगा।

एक दिन द्वीप की अधिष्ठातृ देवी ने कुमार के सौन्दर्य पर मुग्ध होकर उससे बहुत ही अनुनय पूर्वक प्रेम याचना की। कुमार ने कहा—माता तुम देवी हो। मैं परनारी सहोदर हूँ। मेरे से तुम्हारा किसी भी प्रकार कार्य सिद्ध नहीं होगा। अतः

यही प्रसन्नता व्यक्त की और सब लोग प्रसन्नतापूर्वक होकर रवाना हो गए।

कुछ दिन बाद फिर जहाजों का पानी समाप्त हो गया। जल के बिना लोगों को दुखी देखकर मदालसा ने लोगों का उपकार करने के लिए पतिसे प्रार्थना की। उत्तमकुमार ने कहा— जल बिना सबके ओष्ट सूख रहे हैं, क्या उपाय किया जाय? यदि तुम कुछ कर सको तो सबका दुःख दूर हो। मदालसा ने अपने आभूषणों का करण्डिया मंगाकर उसमें से पांच रत्न निकलवाये और उनके गुण बतलाते हुए कहा—प्रियतम! ये पांच रत्न देवाधिष्ठित हैं इनसे स्वर्णथाल प्याला बर्तन आदि भरे हुए भोजन मणि रत्नादि के आभूषण शयनासन मूंग गेहूँ आदि धान्य तथा अग्नि रत्न से मिष्टान्न सुस्वादु व्यंजन प्राप्त होते हैं। गगन-रत्न से वस्त्र वात-रत्न से अनुकूल वायु एवं नीर-रत्न को आकाश में रखकर पूजा करने से वांछित जल वृष्टि होती है। कुमार अपनी धर्मात्मा पत्नी के गुणों से प्रसन्न हो नीर-रत्न को स्तम्भपर बांध कर बड़े समारोहसे पूजा की जिससे मेघवृष्टि हुई और लोगों ने अपने समस्त जलपात्र भर लिए। फिर मार्ग में धनधान्य की आवश्यकता पड़ने पर कुमार ने दूसरे रत्नों के प्रभाव से विविध उपकार किए। सब लोग अपने उपकारी उत्तमकुमार का बड़ा आदर करने लगे। समुद्रदत्त ने जब से मदालसा को देखा, वह उस पर मुग्ध होकर उसे प्राप्त करने के लिए नाना प्रकार के घात सोचने लगा।

लगा। मदालसा भी जैन धर्मपरायण और सुशील थी। कवि ने मदालसा के अप्रतिम सौन्दर्य का वर्णन १२वीं ढाल में किया है (देखो पृ० १३५) धर्मिष्ठा नारी के वर्णन में कवि ने निम्न कवित्त कहा है :—

नारी मिरगानयन, रंगरेखा रस राती
बदे सुकोमल बयण महा भर यौवनमाती।
सारद वचन स्वरूप, सकल सिणगारे सोहै
अपछर जेम अनूप मुलकि मानव मन मोहै।
कल्लोल केलि बहु विध करै, भूरिगुणे पूरण भरी
चन्द्र कहै जिनधरम विण कामिणी ते किण कामरी।

कवि विनयचन्द्र ने यहां प्रथम प्रकाश को १४ ढालों में पूर्ण करते लिखा है कि अपने ज्ञानवृद्धि के हेतु मैंने यह प्रथम अभ्यास किया है।

सिद्ध पद का स्मरण और शारदा के विचारपूर्वक कवि द्वितीय प्रकाश प्रारम्भ करता है। उत्तमकुमार ने वैरी के स्थान में अधिक रहना अनुचित जान कर मदालसा से विदेश गमनार्थ सीख मांगी। उसने कहा—प्रियतम! मैं तो छाया की भांति तुम्हारे साथ रहूंगी और यहां मेरे रहने का कोई प्रयोजन भी तो नहीं है। कुमारी ने अपने पांच रत्न और कूदा को साथ लिये और एकमत से तीनों कूप में आ गए। समुद्रदत्त के आदमी उस समय जल निकाल रहे थे तो रस्सी के सहारे तीनों व्यक्ति बाहर निकल आये। लोगों ने कुमार के मुख से सारा वृत्तान्त ज्ञात कर

के प्रभाव से दान पुण्य करती हुई सती स्त्रियोचित नियमों का पालन करती हुई काल निगमन करने लगी। उसने स्नान शृंगारादि का त्याग कर दिया और प्रतिदिन नीरस आहार का एकाशना करके भूमि शयन स्वीकार कर लिया। वह पुरुष मात्र की ओर नजर उठाकर भी नहीं देखती एवं निरन्तर नवकार मन्त्र का स्मरण किया करती थी।

एक दिन धीवर लोगों के साथ उत्तमकुमार भी मोटपली आया और नगरी का अवलोकन करता हुआ जहाँ राजा नरवर्मा अपनी पुत्री के लिए प्रासाद बनवा रहा था, वहाँ आकर देखने लगा। कुमार वास्तुशास्त्र में निष्णात था उसने स्थान-स्थान पर सूत्रधारों से वास्तु-दोष सुधारने के लिए निराभिमानता से उचित परामर्श दिये जिससे प्रसन्न होकर सूत्रधारों ने कुमार को अपने पास रख लिया। कुमार के सान्निध्य से थोड़े दिनों में यह सुन्दर प्रासाद बन कर तैयार हो गया।

एक बार राजा नरवर्मा प्रासाद निरीक्षणार्थ आये वे उत्तम कुमार को उच्चासन पर बैठे देखकर सोचने लगे कि यह रूप और गुण से राजकुमार मालूम होता है। उन्होंने कुमार से परिचय पूछा तो उसने कहा—राजन्! मैं परदेशी हूँ और आपके नगर में निवास करता हूँ। राजा महल देखकर चला गया। बसंत ऋतु में वन-वाटिका की शोभा अवर्णनीय थी कवि ने ढाल १३वीं में वसन्त ऋतु का अच्छा वर्णन किया है। राजकुमारी भी क्रीड़ा के हेतु बगीचे में आई, उसे साँप डस गया। सर्वत्र हाहाकार छा

सूंगी। सेठ भी मदालसा के इन वचनों से संतुष्ट हो गया। वृन्दा ने मदालसा के चातुर्य की प्रशंसा की। सेठ के जहाज जब उससे आगे चलने लगे तो मदालसा ने पवन-राज की पूजा की जिससे अनुकूल वायु द्वारा जहाज मोठपल्ली वेलाकूल के तट पर आ लगे। यहाँ का राजा नरवर्म बड़ा धर्मात्मा और न्यायप्रिय था। मदालसा को लेकर सेठ राजसभा में पहुँचा और राजा को भेंट पुरस्कार से प्रसन्न करके निवेदन करने लगा—राजन्! मुझे यह महिला चन्द्रद्वीप में मिली है, इसका पति समुद्र में गिर कर मर गया यह पवित्र है और आपकी आज्ञा से मेरी गृहिणी बनेगी। मदालसा ने कहा—मूर्ख! क्यों मिथ्या मद सा बकता है अगर राजा न्याय करे तो तुम्हारे दाँत तोड़ दे। उसने फिर राजा को सम्बोधन कर कहा—महाराज! इस पापी ने मेरे पति को समुद्र में गिरा दिया है, मन अपनी शील रक्षा के हेतु इसे भुला कर आपके सामने उपस्थित किया है अब आप जैसे महा पुरुष अन्याय नहीं करेंगे क्योंकि वैसा होने से मेरु पर्वत कम्पाय मान हो जाय एवं पृथ्वी पाताल को चली जाय। अतः दुष्ट को यथोचित शिक्षा दें। राजा ने क्रुद्ध होकर समुद्रदत्त के पाँचसौ जहाज जप्त कर लिये और मदालसा से कहा—बेटी! तुम मेरी पुत्री त्रिलोचना के पास उसकी बहिन की तरह आराम से रहो। चिन्ता छोड़कर दान पुण्य करती रहो। यदि किसी तट पर तुम्हारा पति पहुँचेगा तो उसका अनुसंधान करवाया जायगा।

मदालसा को राजा ने धमपुत्री करके माना। वह पंच रत्नों

